04 सीबीआई पुलिस अधिकारी बन डिजिटल...




07 कर्मचारियों व अधिकारियों को शासन की मंशानुरूप...



**खबर संक्षेप**

### 30 अगस्त तक बढ़ाई गई फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि

**सीहोर।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विकास विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत अऋणी किसानों के लिए खरीफ फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि बढ़कर 14 अगस्त कर दी गई है तथा ऋणी किसानों के लिये अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अगस्त 2025 कर दी गई है। जिन किसानों ने बैंकों से केसीसी लिया है और उनका बीमा बैंक द्वारा किया जाता है, किसी कारण से बैंक द्वारा बीमा नहीं किया गया है तो वह किसान बैंक से संपर्क कर अपना फसल बीमा कराएं। अऋणी किसान एवं ऐसे किसान जिनका फसल बीमा छूट गया है वह अंतिम तिथि का इंतजार न करें और शीघ्र ही पास की बैंक शाखा जैसे सहकारी बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक, जन सेवा केंद्र तथा सीएससी ऑनलाइन पर जाकर फसल बीमा कराए। ताकि फसल नुकसानी के समय किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ मिल सकें। फसल बीमा कराने के लिए आवश्यक दस्तावेज ले जाना अनिवार्य है। कृषि विभाग द्वारा जिले के सभी किसानों को सलाह दी गई है कि वह खरीफ फसलों का बीमा अवश्य करायें।

### दिनेश मेवाड़ा बने युवा परिषद के जिला अध्यक्ष

**सीहोर।** गहलोत मेवाड़ा राजपूत समाज द्वारा रविवार को एक सामाजिक बैठक का आयोजन किया गया । जिसमें समाज की गतिविधियों को लेकर विचार विमर्श किया गया और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में सर्वसम्मति से समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा सेमली के उत्कृष्ट कृषक युवा समाजसेवी दिनेश मेवाड़ा को समाज के प्रति उनके समर्पण एवं लग्नशीलता को ध्यान में रखते हुए युवा परिषद का सीहोर जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

## बाबा बैजनाथ की भक्ति में रमे भक्त, दर्शन कर हुए निहाल

# नगराधिपति बाबा बैजनाथ ने नगर भ्रमण कर जाना प्रजा का हाल





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



नगराधिपति बाबा बैजनाथ की शाही सवारी सावन माह के आखिरी सोमवार को धूमधाम से निकाली गई। बाबा बैजनाथ ने अपने पूरे लाव लश्कर के साथ शाही ठाठ - बाट से चांदी की पालकी में विराजित होकर नगर भ्रमण किया और अपनी प्रजा के हाल जाने। बाबा बैजनाथ के स्वागत में पूरे नगर को सजाया गया था, जगह-जगह भक्तों ने अपने घरों की छतों एवं सड़क के दोनों ओर खड़े होकर बाबा बैजनाथ की पालकी पर पुष्प वर्षा की तथा बाबा बैजनाथ का जयघोष किया। हर कोई बाबा बैजनाथ के दर्शन को आतुर दिखाई दिया, पूरा आगर नगर बाबा बैजनाथ की भक्ति के रंग में रंगा हुआ नजर आया। शाही सवारी में लगभग डेढ़ लाख से अधिक भक्तों ने शामिल होकर बाबा बैजनाथ के दिव्य दर्शन किए। शाही सवारी के दिन बाबा बैजनाथ मंदिर के पट प्रातः 3:00 बजे खोले गए। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने मंदिर पुजारियों के साथ वैदिक मंत्रोच्चार से गर्भ गृह में बाबा बैजनाथ का पंचामृत स्नान, अभिषेक पूजन एवं आरती की गई। प्रातः 5.00 से 7.30 बजे तक गर्भ गृह में भक्तों द्वारा बाबा बैजनाथ के दर्शन एवं पूजन किया गया। दोपहर में गर्भगृह में बाबा बैजनाथ का पूजन एवं आरती हुई।

विधायक मधु गहलोत, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, पूर्व विधायक गोपाल परमार, नगर पालिका अध्यक्ष निलेश पटेल, प्रेम यादव, बाबूलाल यादव, देवकरण गुर्जर, कैलाश कुंभकार, हरिनारायण यादव, भेरूसिंह चौहान, जितेन्द्रसिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं मंदिर पुजारीगण द्वारा बाबा बैजनाथ का पूजन एवं आरती की गई। जिला पंचायत सीईओ नंदा भलावे कुशरे, अपर कलेक्टर आर पी वर्मा, एसडीएम मिलिन्द ढोके, मोतीलाल कुशवाहा सहित जिले के अधिकारी सहित पुलिस, तहसीलदार,पटवारी भी बाबा बैजनाथ मंदिर में उपस्थित रहे। पुलिस द्वारा बाबा बैजनाथ महादेव को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। तत्पश्चात बाबा बैजनाथ को नगर भ्रमण के लिए आमंत्रित किया गया। बाबा बैजनाथ ने चांदी की पालकी में विराजित होकर नगर भ्रमण के लिए प्रस्थान किया। इसके पश्चात शाही सवारी मंदिर प्रांगण से प्रारंभ हुई, जो परंपरागत मार्ग से होते हुए जिला जेल के सामने से पहुंची, जहां जेलकर्मियों द्वारा बाबा बैजनाथ का पूजन कर सलामी दी गई। शाही सवारी छावनी नाका पहुंचने पर बैंड, बाजे, ढोल, झंडा मंडलिया, झांकियों का कारवां जुड़ा। सवारी में हजारों भक्त झांझ, मंजीरे, डमरू, ढोल आदि वाद्य बजाते हुए बाबा बैजनाथ की आराधना करते हुए पालकी के साथ रहे। बैंड बाजों पर शिव भक्ति धुन एवं भक्तों द्वारा बाबा बैजनाथ की जय घोष से पूरा नगर बाबा बैजनाथ की भक्ति में डूबा नजर आया।

### हरिहर मिलन हुआ

शाही सवारी छावनी झंडा चौक, रातडिया तालाब, नाना बाजार होते हुए लगभग रात्रि 8.30 बजे गोपाल मंदिर पहुंची जहां हरिहर मिलन हुआ । इसके पश्चात सराफा बाजार, सरकार वाडा, अस्पताल चौराहा एवं देर रात्रि कृषि उपज मंडी पहुंचेगी, जहां बाबा बैजनाथ का पूजन होने के उपरांत सवारी का समापन होगा।

### आदिवासी नृत्य रहा आकर्षण का केंद्र

शाही सवारी में आदिवासी कलाकारों द्वारा आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति देकर अपनी कला और संस्कृति की अनुपम छटा बिखेरी गई। पूरी सवारी में आदिवासी नृत्य लोगो के आकर्षण का केंद्र रहा, आदिवासी वेशभूषा में कलाकारों द्वारा दी गई नृत्य की प्रस्तुतियां की हर कोई सराहना करता दिखाई दिया। उज्जैन से आए डमरू और नासिक के ढोल कलाकारों की जोरदार प्रस्तुति के साथ भक्तों के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया, ढोल और डमरू की धुन ने भक्तों में जोश और उत्साह का संचार किया।

### जयनारायण बापजी की झांकी भी हुई शामिल

बाबा बैजनाथ के अनन्य भक्त श्री जयनारायण बापजी का झांकी रथ भी इस वर्ष शाही सवारी का हिस्सा रहा है। जय नारायण बापजी की झांकी को आकर्षक रूप में सजाया जाकर नगर भ्रमण करवाया गया। पुलिस-प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था शाही सवारी के दिन बाबा बैजनाथ मंदिर एवं पूरे सवारी मार्ग पुलिस एवं प्रशासन की चाक- चौबंद व्यवस्था रही। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने स्वयं उपस्थित रहकर व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग की। पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारियों ने भी पूरे समय व्यवस्थाओं को दुरुस्थ रखा।

*18 को निकाली जाएगी शाही सवारी*

## पालकी में भक्तों को दर्शन देने निकले गुप्तेश्वर महादेव



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सावन माह के अंतिम सोमवार को नगर के प्राचीन श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से भगवान भोलेनाथ की दूसरी सवारी बड़े ही धूमधाम से नगर में निकली गई। सवारी में फूलों से सुसज्जित पालकी में भगवान भोलेनाथ को विराजित कर नगर भ्रमण हेतू निकाला गया। सवारी में भजन मंडलियां शिव भजनों पर आधारित भजनों की प्रस्तुतियां दे रही थी। 18 अगस्त को नगर में गुप्तेश्वर महादेव की शाही सवारी निकाली जाएगी। गुप्तेश्वर मंदिर से सायं 4 बजे भगवान भोलेनाथ की आरती उपरांत सवारी प्रारंभ हुई। जो किला रोड़ सावलिया नाथ मंदिर अशोक मार्ग चौक बाजार गणेश चौराहा शिवाजी चौराहा मां बगलामुखी मंदिर मार्ग से होते हुवे मां बगलामुखी मंदिर पहुंची। यहाँ आरती पश्चयात गवलीपुरा नयापुरा गणेश चौराहा चौक बाजार होते हुवे गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंची जहां महाआरती के पश्चयात महाप्रसादी का वितरण किया गया। सवारी मार्ग पर भगवान भोलेनाथ का उनके भक्तो द्वारा पूजन-अर्चन कर अगवानी की गई। वही मार्ग में स्थित विभिन्न मंदिरों के पुजारियों द्वारा बाबा की आरती उतारी गई। परंपरानुसार गुप्तेश्वर मंदिर से प्रतिवर्ष भगवान शिव की चार सवारी नगर में निकाली जाती है। जिसमें श्रावण मास में अंतिम दो सोमवार तथा भादव मास के प्रथम दो सोमवार को सवारी निकाली जाती है। अंतिम सवारी शाही सवारी के रूप में निकाली जाती है। इस वर्ष 18 अगस्त को शाही सवारी बड़े ही ठाटबाट के साथ नगर में निकाली जाएगी। जिसमें कई आकर्षक के केंद्र शामिल रहेंगे।

### गुरुकुल की छात्राओं का जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

**नलखेड़ा।** बालिकाओं की अंडर 14 एवं अंडर 17 आयु वर्ग की विकासखंड स्तरीय खो खो प्रतियोगिता में स्थानीय गुरुकुल कॉन्वेंट स्कूल की छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उनका चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में गुरुकुल स्कूल की छात्राओं का खो खो में अच्छा प्रदर्शन रहा और अच्छे खेलने वाले खिलाड़ियों का चयन जिला स्तर पर खेलने हेतु किया गया। जिसमें गुरुकुल की निशा पाटीदार, दीपांशी पाटीदार, स्नेहा, चेतना, पुष्पा आदि छात्राओं का चयन जिला स्तर के लिए किया गया। जिला स्तर के लिए चयनित छात्राओं को स्कूल प्राचार्य व शिक्षकगणों द्वारा बधाई देते हुवे उज्जवल भविष्य की कामना की गई।



पोषण स्वच्छता, मानसिक स्वास्थ्य के बारे में दी गई जानकारी

## उमंग शिक्षा हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत उमंग शिक्षा हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम का आयोजन पीएमसी हाई स्कूल आगर मालवा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान किशोर किशोरियों को आरकेएस के प्रोग्राम का परिचय काउंसलर शीतल भट्ट के द्वारा विस्तार पूर्वक दिया गया। उमंग क्लीनिक का परिचय पोषण स्वच्छता,मानसिक स्वास्थ्य के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई साथ ही स्ट्रेस एंजायटी डिप्रैशन आत्मघाती विचार आने पर हमको क्या करना चाहिए इस विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम मैं सभी को विडियो के माध्यम से जागरूक किया। मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में टैली मानस की उपयोगिता के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। टैली मानस नंबर 14416 उमंग हेल्पलाइन नंबर 14425 मनहित ऐप और जस्ट आस्क चैट बोड भी इंस्टॉल करवाए गए। किशोर किशोरियों को उमंग क्लिनिक आने के लिए और मन कक्ष आने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित किशोर किशोरियों द्वारा प्रश्न पूछे गए। इस दौरान स्कूल प्राचार्य सरोज मंगल, विद्यालय प्राध्यापक राजेश गॉड, श्याम श्रीवास्तव, समस्त स्टाफ आरकेएस के काउंसलर शीतल भट्ट उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा।

*इंदौर में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन में जुटेंगे हजारों युवा, आमंत्रण-पत्र दिए*

## देशभर के 2000 जिनालयों में शुद्धिकरण कार्य 10 अगस्त को होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



नवरत्न परिवार की पहल पर इस वर्ष 10 अगस्त को देशभर के 13 राज्यों में एक साथ करीब 2000 जिनालयों में शुद्धिकरण होगा। यह आयोजन बीते 15 वर्षों से निरंतर चल रहा है। इस अभियान के तहत नवरत्न परिवार के राष्ट्रीय प्रबंधक राजेश कांठेड़ नलखेड़ा, सुधीर जैन इंदौर और ललित जैन पेटलावद मंगलवार को नलखेड़ा पहुंचे और सकल जैन समाज को किट और निमंत्रण पत्र सौंपे। इस मौके पर 20 व 21 सितंबर को इंदौर के रामचंद्र नगर स्थित नरसिंह वाटिका में आयोजित होने वाले नवरत्न परिवार के राष्ट्रीय अधिवेशन का आमंत्रण भी दिया गया। यह अधिवेशन आचार्य विश्वरत्न सागर सुरीश्वर जी महाराज और गणिवर्य कीर्ति रत्न सागर सुरीश्वर जी महाराज की निश्रा में होगा। प्रदेश महासचिव राकेश दुग्गड़ ओर प्रदेश कार्यकरणी सदस्य राहुल कांठेड़ ने बताया कि नलखेड़ा शाखा से भी अधिक से अधिक संख्या में सदस्य अधिवेशन में पहुचेंगे। आयोजकों का कहना है कि अधिवेशन में 5 हजार युवाओं के शामिल होने की संभावना है। जिनालय शुद्धिकरण कार्यक्रम की शुरुआत वर्ष 2011 में मालव भूषण आचार्य नवरत्न सागर सुरीश्वर जी महाराज और आचार्य विश्वरत्न सागर सुरीश्वर जी महाराज के मार्गदर्शन में हुई थी। उस समय नवरत्न परिवार के राष्ट्रीय अधिवेशन में जिनालय शुद्धिकरण की पहल की गई थी, जिसे मालवा महासंघ और नवरत्न परिवार ने मिलकर आगे बढ़ाया। इस अवसर पर श्री संघ ओर नवरत्न परिवार के सदस्यों ने अतिथियों का तिलक लगाकर,दुप्पटा,माला,श्री फल से बहुमान किया।

### इस विधि से किया जाता है शुद्धिकरण

स्थानीय श्रीचंद्रप्रभु जैन श्वेतांबर मंदिर जी व श्री पार्श्व कुशल जिन मंदिर दादावाड़ी में पर्यूषण महापर्व के पूर्व 10 अगस्त को जिनालय शुद्धिकरण कार्य किया जावेगा। जिसमें मंदिर में विराजित परमात्मा की सभी पाषाण एंव धातुओं की प्रतिमाओं का वर्ष भर में हुई अशुद्धियों को विभिन्न औषधियों के माध्यम से विलेपन कर दूर किया जावेगा एवं विधिवत उनका नवहन कराया जाकर शिखर से लेकर फर्श तक मन्दिर एवं उपाश्रय की साफ- सफाई के साथ प्रत्येक वस्तुओं की साफ -सफाई की जावेगी । जैसे धार्मिक पुस्तके, बर्तन, सहित अन्य मन्दिर में मौजूद सभी सामान की भी साफ सफाई की जाती है ।

*श्रद्धा के साथ भक्ति के रंग में रंगे कांवडिया, धाम पर पहुंचे श्रद्धालु*

## 10 क्विंटल से अधिक हलवे की प्रसादी का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



एक बार फिर से देश में इतिहास बनाने वाली भव्य कांवड-यात्रा के मात्र दो दिन शेष है, बुधवार को शहर के पोस्ट आफिस से लाखों की संख्या में कांवड यात्री शामिल होंगे, लेकिन इससे पहले ही सोमवार को डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालु सीवन नदी के तट से कुबेरेश्वरधाम पर तक श्रद्धा के साथ भक्ति के रंग में रंगे कांवडिया आस्था और उत्साह के साथ पहुंचे। इसके अलावा अनेक धाम पर दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, अहमदाबाद, सूरत, जयपुर से भी हजारों की संख्या में कांवड यात्री डीजे और बाजे-ताशे के साथ थिरकते हुए जा रहे थे। सोमवार को भोले के भक्त अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। नगर तथा ग्रामीण अंचल में कांवड़ियों की सेवा के लिए श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह शिविर लगाकर सत्कार की व्यवस्था की गई है। सड़कों पर चारों तरफ कांवड़ियों के जत्थे दिखाई दे रहे हैं। हाईवे पर पुलिस बल तैनात है। वहीं जिला प्रशासन आगामी छह अगस्त को होने वाली भव्य कांवड यात्रा की तैयारियां कर रहा है। वहीं शहर के सभी सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने देश में शहर का नाम रोशन करने वाले गुरुदेव पंडित प्रदीप मिश्रा के आह्वान पर आने वाले कांवडियों का स्वागत, ठहराने, भोजन प्रसादी, चाय-नाश्ते, फलहारी और पेयजल आदि के वितरण की व्यवस्था की है। इस संबंध में विठलेश सेवा समिति के व्यवस्थापक समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा सहित अन्य ने क्षेत्रवासियों से भेंट की है। शहर को विश्व पटल पर प्रसिद्ध करने वाली कांवड यात्रा को लेकर देश के कोने-कोने से भगवान के भक्त शहर में आ रहे है, जिससे पूरे सावन के माह में सीवन नदी के तट पर मेला लगा हुआ है। यात्रा मार्ग पर लगे शिविरों को प्लास्टिक फ्री रखने का निर्देश दिया गया है। वहां कूड़ेदान, सफाई कर्मचारी, साफ पीने का पानी उपलब्ध रहेगा। यात्रा पर निकलने वाले भक्त इन सुविधाओं का लुत्फ उठा सकते हैं। हर साल गुरुदेव के आह्वान करीब 11 किलोमीटर तक निकाली जाने वाली भव्य कांवड यात्रा में इस वर्ष युवाओं में उत्साह है और लाखों की संख्या में देश के जाने माने डीजे के संगीत पर कांवड लेकर जाऐंगे।

## जिला पंचायत सीईओ ने किया ग्राम जमोनिया तालाब का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने एक बगिया मां के नाम परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से ग्राम जमोनिया तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परियोजना के तहत भूमि आवंटन के लिए सिपरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से सैंपल के रूप में स्वयं सर्वे किया और हितग्राही का चयन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एनआरएलएम के डीपीएम दिनेश बर्फा ने बताया कि एक बगिया मां के नाम परियोजना का उद्देश्य अधिक से अधिक पौधारोपण करना हे। इसके तहत सिपरी सॉफ्टवेयर एप के माध्यम से जिले के अलग-अलग स्थानों पर भूमि एवं हितग्राहियों का सर्वे कर चयन किया जा रहा है और भूमि तथा हितग्राहियों का चयन कर एनआरएलएम और मनरेगा द्वारा अधिक से अधिक फलदार पौधे रोपित किए जाएंगे। इसके लिए कृषि सखियों एवं स्व सहायता समूह की दीदियों के खेतों को चयनित किया जाएगा। परियोजना के तहत जिले में 500 हितग्राहियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें स्व सहायता समूह की महिलाओं को लाभ होगा। निरीक्षण के दौरान सीहोर जनपद सीईओ नमिता बघेल, डीपीएम दिनेश बर्फा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### बच्चों को किया निःशुल्क कापियों का वितरण

**चापडा।** समाज प्रगति सहयोग संस्था द्वारा प्रोत्साहित पुंजापुरा प्रगति समिति के माध्यम से समूह प्रोग्राम के तहत हायर सेकंडरी स्कूल रातातलाई में स्वयं सहायता समूह के सोशल फंड से 212 बच्चों को निःशुल्क कॉपियों का वितरण किया गया।जिसमें रातातलाई गांव के 10 समूह के सदस्य एवं पुंजापुरा समिति के सीईओ धर्मेंद्र राजावत,अकाउंटेंट मोनू परमार,समूह कार्यक्रम अधिकारी रंजन कुमार,सहयोगी नंदलाल मौर्य,पूनम नायक,प्रकाश बाकोरे,पर्वत वास्केल,मुकेश अजवेन ने सहयोग किया।कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक नितिन पटेल,कुंवर सिंह अजंते,धीरेन्द्र चौहान,शरण काग,लोकेश सिंह राजपूत,प्रमोद मोगरे,देवेश पंवार,नरसिंग चौहान,मिथलेश भालेकर,नरेन्द्र डाबी,संदीप अहिरवार, रुपेश खराड़िया,चैनसिंह ज़मारा,करीना रंधावा, सोना जामले,पदमा भंडारी तथा अन्य शिक्षक उपस्थित थे। उक्त जानकारी विद्यालय के प्राचार्य दिनेश धानवे द्वारा दी गई।

### ड्रिंक एंड ड्राइव करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस ने की कार्रवाई

**देवास।** पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसके पालन में थाना कमलापुर द्वारा सुरेंद्र उर्फ सोनू पिता अजब सिंह सेंधव उम्र 40 साल निवासी ग्राम अमरपुरा, मुकेश दांगी चापड़ा को वाहन चेकिंग के दौरान रोका गया जो शराब के नशे में होकर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते पाए जाने पर उनके विरुद्ध धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायालय बागली पेश करने पर न्यायालय द्वारा अनावेदक करने के विरुद्ध 10/10 हजार रुपए का जुर्माना करने के पश्चात वाहन सुपुर्दगी पर दिया गया। पुलिस द्वारा की गई उक्त कार्यवाही मे उप निरी उपेन्द्र नाहर थाना प्रभारी कमलापुर उप निरी. राकेश चौकी चापड़ा, प्र. आर. बलसिंह तोमर, प्र.आर. अर्जुन, विवेक, आर. लोकेश का कार्रवाई में सराहनीय योगदान रहा है।

## थाना सतवास एवं सायबर सेल देवास द्वारा अपराधियों पर की कार्रवाई

# सीबीआई पुलिस अधिकारी बन डिजिटल अरेस्ट कर की 20 लाख की सायबर ठगी

### पुलिस ने दिल्ली, इंदौर एवं सांगली महाराष्ट्र से छह आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

ऑपरेशन सायबर के तहत देवास पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है। देवास पुलिस ने डिजीटल अरेस्ट के संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी करने वाले 6 आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है। इन आरोपियों ने सतवास के रिटायर्ड शिक्षक प्रमोद गौर से 20 लाख 81 हजार 382 रुपए की राशि हड़प ली थी। एसपी पुनीत गहलोत ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में बताया कि आरोपियों ने मुंबई से पुलिस अधिकारी बनकर मनी लॉनड्रिंग के झूठे आरोप में फंसाने की धमकी देकर पीड़ित से पैसे हड़पे थे। गिरफ्तार आरोपियों में सोमेश्वर उर्फ सोम निनानिया (दिल्ली), संजय उर्फ संजू निनानिया (गाजियाबाद), गौरव उर्फ ऋतिक चौहान (नीमच), हर्ष उर्फ पीटर प्रजापत (इंदौर), ऋषिकेश पवार (महाराष्ट्र) और सुनील उर्फ सागर जाधव (महाराष्ट्र) शामिल हैं। प्रेस वार्ता में एसपी गेहलोद ने बताया कि 27 जून 2025 को आवेदक प्रमोद गौर निवासी सतवास ने सायबर फ्रॉड के ज़रिए 20,81,382/-रुपये ठगे जाने की शिकायत दर्ज कराई गई। त्वरित कार्यवाही करते हुए ज़िला सायबर सेल देवास द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज की गई । आरोपियों की धरपकड़ हेतु एसपी के मार्गदर्शन में एवं ग्रामीण एएसपी सौम्या जैन के निर्देशन एवं एसडीओपी आदित्य तिवारी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। तकनीकि साक्ष्यो के आधार पर विभिन्न पहलुओ को सूक्ष्मता से जाँच-परख कर विभिन्न राज्यो से आरोपीयो को गिरफ्तार किया गया । थाना सतवास जिला देवास पर पंजीबद्ध अपराध संख्या 302/2025 धारा 318(4), 319(2) बीएनएस एवं 66(डी) आईटी एक्ट (2000) के अपराध में फरियादी एक सेवानिवृत्त व्यक्ति है । 24 जून 2025 के लगभग 3 बजे दोपहर में उनके पास एक कॉल आया जिसने बताया कि वह सीनियर पुलिस आफिसर कोलाबा पुलिस स्टेशन मुंबई से होना बताया और कहा की नरेश गोयल के साथ मनी लांड्री केस में आप सम्मिलित हैं एवं केनरा बैंक मुंबई में आपका खाता संचालित हैं जिसकी सीबीआई जांच आपके विरूद्ध चल रही हैं जिसके सुप्रीम कोर्ट के नोटिस आपको वाट्सएप पर भेजने का बताया गया। फिर फरियादी ने अपने वाट्सएप पर सभी दस्तावेजो को देखने के बाद, फरियादी को वाट्सएप पर विडियो कॉल किया और सीबीआई चीफ आकाश कुलहरि बनकर वीडियो काल पर बात की। जिसके बाद उन्होने फरियादी को सीबीआई व पुलिस का डर दिखाकर डरा धमकाकर वाट्सएप वीडियो कॉल के जरिये तक डिजीटल अरेस्ट कर कहा कि आपके खाते में जितनी भी राशि हैं, वह सुप्रीम कोर्ट







वेरिफिकेशन करना चाहती है का बोलकर फरियादी से विभिन्न अज्ञात बैंक खातों मे आरटीजीएस के माध्यम से धोखाधड़ी कर बड़ी राशी डलवाई ।

### अपराध करने का तरीका

शिकायत की जांच करते पता लगा कि अपराधियों द्वारा टेलीग्राम पर ग्रुप बनाकर अच्छा कमीशन देने का लालच देकर बैंक खातो मे फ्रॉड की गई राशि की लेन-देन करने हेतु लोगो के बैंक खातो को किराये पर लिया । तकनीकी साक्ष्य को सुक्ष्मता से अध्ययन करते हुए कई बैंक खाते खंगालने उपरांत आरोपियो का इन्दौर, दिल्ली व महाराष्ट्र का होना पाया गया। आरोपियो की धड़पकड़ हेतु गठित की गई। विशेष टीमो ने सफलतापुर्वक अलग-अलग राज्यों से 2100 किलोमीटर दिल्ली, हरियाणा पंचकुला, महाराष्ट्र(सांगली), इन्दौर(म.प्र.) से 06 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय कन्नौद में पेश किया गया। आरोपियो से पुछताछ में मालूम हुआ कि बैंक खातो का उपयोग करने हेतु एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए हवाई सफर का उपयोग करते थे। अभी तक की विवेचना मे पाया गया की उक्त आरोपियों की जिले के अन्य लगभग 37 जगह, विभिन्न राज्यो में शिकायत दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों से कुल 10 मोबाइल, एक टेबलेट, एक लेपटॉप, एक पासबुक, चार एटीएम कार्ड के साथ 11,61,956/- रुपए होल्ड करवाए।

### टीम को 10 हजार से किया पुरुस्कृत

सतवास थाने की टीम को मिली बड़ी सफलता के बाद एसपी पुनीत गेहलोद ने 10 हजार रुपए से पुरस्कृत करने की घोषणा की। उक्त सराहनीय कार्य में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कन्नौद आदित्य तिवारी, थाना प्रभारी सतवास बी.डी.बीरा., उनि. सरदार मंडलोई, प्र.आर.गणेश रावत, आर.राजेन्द्र सिंह राजपूत, दिव्य राठौर, अनिल भाभर, घनश्याम परमार, शुभम, ईश्वर बिश्नोई, थाना हरणगांव प्रभारी उनि. अभिषेक सिंह सेंगर, थाना खातेगांव प्र.आर सुनील प्रजापत,आर. सोहन जाट,विशेष भूमिका सायबर सेल देवास से उनि. यश नाईक,प्र.आर. सचिन चौहान,शिवप्रताप सिंह सेंगर, आर. योगेश कदम, युवराज सोलंकी, सोनू कुमार सिंह, म.आर. निशा पाटोरिया की भूमिका रही।

## फूलों से सजी पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले बाबा भंवरनाथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

सावन माह के अंतर्गत भगवान श्री भंवरनाथ महाराज नगर में दर्शन देने सोमवार को निकले। आकर्षक श्रृंगार से सुसज्जित पालकी मे सवार होकर नगरवासियो का हाल जानने निकले बाबा भवर नाथ महाराज की पालकी को गुलाब व मोगरे के फूलों से सजाया गया जिसे युवाओं द्वारा उठाया गया।

जय बाबा भोलेनाथ कावड़ यात्रा के सदस्यों द्वारा लोगों को माथे पर चंदन लगाया गया। बाबा भवरनाथ की सवारी के आगे लोगो ने पुष्प वर्षा कर नगर की सड़को को फुलो से पाट दिया। नगर में विभिन्न जगह सवारी का स्वागत किया गया। सावन माह में सोमवार को जय बाबा भंवरनाथ कावड़ यात्रा के तत्वाधान में विशाल शाही सवारी निकाली गई जिस में ढोल,डीजे, झांझ, मंजीरे के साथ नगर भ्रमण कर बम बम भोले की गूंज के साथ सवारी भंवरनाथ मंदिर प्रांगण से शाम 5:00 बजे से प्रारंभ हुई जो टंकी चौराहा, माली मोहल्ला होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर में भगवान भोलेनाथ के मंदिर पर पहुंची। यहां पर पूजन आरती कर बड़े हनुमान चौक पहुंची, जहां से त्रिमूर्ति चौक होते हुए छोटा हनुमान चौक पहुंची। छोटा हनुमान चौक मे भंवरनाथ महाराज की सवारी को फूल माला पहनाकर पूजन आरती की गई। तत्पश्चात बाबा को फल प्रसाद चढ़ाया गया। वहीं सभी भक्तजनों को केले का प्रसाद वितरण किया गया।

### प्रोविजनल डीएसपी को देवास पुलिस की नवाचारयुक्त कार्यप्रणाली व्यवहारिक का दिया प्रशिक्षण

**देवास।** जिला मुख्यालय देवास स्थित कंट्रोल रूम के मीटिंग हॉल में पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद,भा.पु.से. के मार्गदर्शन में पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, भौंरी से आए प्रोविजनल डीएसपी को एक दिवसीय व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिले की कार्यप्रणाली, प्रशासनिक संचालन एवं नवाचार आधारित पुलिसिंग मॉडल पर केंद्रित रहा। प्रशिक्षण के दौरान एसपी ने देवास पुलिस द्वारा वर्तमान में संचालित प्रमुख अभियानों की विस्तृत जानकारी साझा की जिनमेंऑपरेशन सायबर, ऑपरेशन हवालात, ऑपरेशन त्रिनेत्रम, ऑपरेशन संकल्प, ऑपरेशन पवित्र शामिल हैं।इसके अतिरिक्त देवास पुलिस द्वारा किए जा रहे नवाचारों जैसे थाना स्तर पर फीडबैक हेतु क्यू आर कोड स्कैनर लगाना,पुर्ण रूप से सीसीटीव्ही युक्त पंचायते करवाना आदि नवाचारो पर विस्तृत प्रकाश डालकर उनके माध्यम से होने वाले लाभों से संबंधित कानूनी प्रक्रियाओं पर भी गहन चर्चा की गई । प्रशिक्षण को व्यावहारिक बनाने हेतु केस स्टडी आधारित उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया । साथ ही आधुनिक पुलिसिंग के विषय में भी विस्तृत चर्चा की गई । प्रशिक्षण के दौरान प्रोविजनल डीएसपी द्वारा विभिन्न विधिक एवं प्रशासनिक विषयों पर प्रश्न पूछे गए, जिनका उत्तर पुलिस एसपी द्वारा सरल एवं सटीक रूप से दिया गया।

### ग्राम जामगोद से अवलिया पिपलिया तक निकाली गई कांवड़ यात्रा



**भौरासा।** सावन के महीने में भगवान शिव की आराधना का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम कावड यात्रा माना जाता है। कावड़ यात्रा की शुरुआत पवित्र नदियों और तीर्थ स्थलों से होती है जबकि इसका समापन शिव मंदिरों में भगवान शिव के जलाभिषेक के साथ होता है। मंगलवार को ग्राम जामगोद से प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम अवलिया पिपलिया तक बोल बम कावड़ यात्रा निकाली गई जिसमें ग्राम अवलिया पिपलिया व पिपलिया राव जामगोद के महिला, पुरुष व बच्चो सहित भक्त जनों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। जहा बाबा भोलेनाथ की कावड़ कंधे के ऊपर रखकर डीजे और ढोल के साथ बाबा की कावड़ यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुषों ने भाग लिया। कावड़ यात्रा सुबह 8:30 बजे ग्राम पंचायत जामगोद से प्रारंभ की गई जो पूरे गांव अवलिया पिपलिया में भ्रमण करते हुए खाटू धाम मंदिर अवलिया पिपलिया पर 11:30 बजे पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया गया। तत्पश्चात आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस यात्रा में ग्रामवासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उक्त जानकारी अनिल शर्मा अवलिया पिपलिया ने दी।

## श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में सावन के अंतिम सोमवार को हुआ श्रृंगार



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

निमाड़ नगर उज्जैन रोड, ईटावा स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी सावन माह के प्रत्येक सोमवार को बाबा श्री सिद्धेश्वर महादेव का मनमोहक श्रृंगार, संध्या आरती, महाआरती और प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया। सावन के अंतिम सोमवार को भी विशेष आयोजन हुआ, जिसमें भक्तों की भारी भीड़ ने बाबा के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मंदिर समिति के कार्यकर्ता एवं श्रृंगारकर्ता अमन भावसार ने बताया कि उन्होंने यह धार्मिक कार्य तीन वर्ष पूर्व शुरू किया था। उन्होंने विशेष रूप से कॉलोनी के छोटे बच्चों की समिति बनाकर उन्हें भी इस सेवा कार्य में शामिल किया है। अमन भावसार ने बताया कि आज के बदलते समय में जब नई पीढ़ी अपनी सनातन संस्कृति से दूर हो रही है, ऐसे में वे हर मंगलवार और शनिवार को मंदिर में हनुमान चालीसा, राम स्तुति का सामूहिक पाठ कर बच्चों को धार्मिकता और भारतीय संस्कृति से जोडऩे का प्रयास कर रहे हैं। साथ ही बच्चों को रामायण और महाभारत की कहानियों के माध्यम से नैतिक शिक्षा भी दी जा रही है। इस आयोजन में समिति के सदस्य आदर्श भावसार, रायना भावसार, कृष्णा प्रजापति, सक्षम, हर्षित भावसार, प्रिंस प्रजापत, कृष्णा प्रजापत सहित अनेक भक्तगण उपस्थित रहे।

## धूमधाम से हो रहा चातुर्मास का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

शिवपुर तीर्थ में विराजित आचार्य रत्न श्री पद्मभूषण सुरीश्वर एवं प्रन्यास प्रवर श्री ऋषभ रत्न विजय के सानिध्य में बहुत ही आनंदपूर्वक एवं धूमधाम से चातुर्मास का आयोजन चल रहा हैं। 150 चातुर्मास आराधक तपस्वी भी हैं, जो रोज आगम एकासना की तपस्या कर रहे हैं। तीन तपस्वियों में से दो बागली बमपरिवार और एक तपस्वी छोटी सादड़ी की हैं, जिनकी मासछमण (30 उपवास) की तपस्या चल रही हैं। उनका भी वरघोड़ा 6 अगस्त को शिवपुरी तीर्थ में निकाला जाएगा। संगम से शलीभद्र नाटक का मंचन चापड़ा जैन श्री संघ के बच्चो एवम छोटे बड़े सदस्य एवं महिला मंडल द्वारा किया गया। नाटक के माध्यम से सुपात्र दान की महिमा को बताया गया। संगम से शलीभद्र के स्वामी वात्सल्य का लाभ चापड़ा निवासी संतोष कुमार, राहुल कुमार, अतुल कुमार जैन (बरडिया) मनमाने रेस्टोरेंट द्वारा लिया गया। कार्यक्रम का संगीतमय संचालन मुंबई के प्रसिद्ध संगीतकार मोंटू भाई के द्वारा किया गया। नाटक का मंचन करने वाले चापड़ा ग्रुप को शिवपुर तीर्थ ट्रस्ट की तरफ से 21000 का पुरस्कार भी दिया गया।

## शुक्रवासा में कथित अवैध गतिविधियों के विरोध में राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

# सकल हिंदू समाज ने कलेक्टर कार्यालय में किया प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

ग्राम शुक्रवासा एवं आसपास के क्षेत्रों में कथित रूप से वर्षों से चल रही अवैध गतिविधियों के विरोध में मंगलवार को सकल हिंदू समाज द्वारा जिला कलेक्टर कार्यालय देवास में एकत्रित होकर जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरानल राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री तथा जिलाधीश के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में ग्राम पंचायत पर्वतपुरा, थाना बरोठा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम शुक्रवासा में स्थित एक कथित हाउल फार्म पर अवैध गतिविधियों का संचालन किए जाने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ज्ञापन के अनुसार, पश्चिम बंगाल निवासी सौरभ बनर्जी द्वारा वर्षों से इस क्षेत्र में रहकर स्थानीय युवाओं और बच्चों को नशे, धर्म विरोधी विचारों और पारिवारिक विघटन की ओर उकसाया जा रहा है। ज्ञापन में आरोप है कि उक्त फार्म में बच्चों को ब्रेनवॉश कर हिन्दू धर्म एवं परंपराओं से विमुख किया जा रहा है तथा उन्हें अपने परिवारों से दूर किया जा रहा है। साथ ही यह भी कहा गया है कि फार्म में नशा, अनैतिक गतिविधियाँ और समाज विरोधी कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। फार्म पर वामपंथी विचारधारा से जुड़ी अंग्रेज़ी भाषा की पुस्तकें पाई गई हैं, जबकि वहां कोई भी भारतीय धार्मिक या सांस्कृतिक साहित्य उपलब्ध नहीं है। इतना ही नहीं, ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि फार्म में रहने वाली एक युवती विवाह के बिना माँ बन चुकी है, जिससे भारतीय संस्कृति एवं कानून दोनों की अवहेलना होती है। ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि सौरभ बनर्जी और उसके सहयोगियों द्वारा कथित रूप से दस्तावेज़ जलाए जाने, हथियार छिपाए जाने जैसे गंभीर मामलों की भी जांच कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जाए। सकल हिंदू समाज ने प्रशासन से आग्रह किया कि इस कथित अवैध संगठन और उसकी गतिविधियों की सुक्षमता से जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने के दौरान शुक्रवासा, बरोठा सहित आसपास के गाँवों के सैकड़ों ग्रामीणजन, महिला-पुरुष, युवा एवं हिंदू समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## किसान के निवेदन पर बैंक ने रोकी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा हॉटपिपलिया से कृषक प्रेम सिंह पिता भागीरथ एवं कुमेर सिंह पिता भागीरथ द्वारा वर्ष 2016 में 7.5 - 7.5 लाख रूपये का ऋण लिया गया था, जिसकी समय पर अदायगी नहीं करने पर बैंक द्वारा बागली कोर्ट में परिवाद प्रस्तुत किया गया। कोर्ट द्वारा दिनांक 18 जून को प्रेम सिंह सेंधव कुमेरसिंह सेंधव की कृषि भूमि की नीलामी करने के आदेश दिए गए, जिसके तहत शासकीय गाइड लाइंस 6 लाख 38 हजार 400 रुपए प्रति हेक्टर के अनुसार नीलामी के आदेश दिए गए थे। किसानों के अनुरोध पर बैंक द्वारा नीलामी की कार्रवाई रोकते हुए किसानों द्वारा एक एक लाख रुपए की राशि जमा कराई गई एवं 8 दिवस का समय मांगा गया।

कोर्ट द्वारा प्रेम सिंह पिता भागीरथ को 15 लाख 80 हजार रुपए एवं कुमेर सिंह पिता भागीरथ को 15 लाख 50 हजार रुपए जमा करने के आदेश दिए गए हैं। कोर्ट से जमीन कुर्की के दौरान कमल सिंह डावर एवं शैलेंद्र उपस्थित रहे। बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय से रवि गुप्ता वरिष्ठ प्रबंधक योगेंद्र गुर्जर, शाखा प्रबंधक मुकेश जाट, रोहित यादव ,प्रवीण गहलोत, रोहित श्रीवास्तव ,मनोहर कटारिया उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### खाद सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने लिए सैंपल

**ललितपुर** । रक्षा बंधन पर्व को देखते हुए आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश लखनऊ और जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा उन्नति किराना बिरधा से माधुरी ब्रांड सरसों के तेल का नमूना, जाखलौन स्थित कल्लू मिठाई वाले से बर्फी का नमूना, जाखलौन स्थित मोनू शर्मा की दुकान से बूंदी के लड्डू का नमूना संग्रहित किया गया। जांचोपरांत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। टीम में सहायक आयुक्त खाद्य - कक विनोद कुमार शर्मा, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी कलीमुद्दीन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर के निरंजन और एस एस निरंजन सम्मिलित रहे।

### रक्षाबंधन को देखते पुलिस का सुरक्षित यात्रा अभियान

**ललितपुर** । पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी द्वारा आगमी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षित यात्रा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के क्रम में यातायात पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों/तिराहों पर ड्रिंक ड्राइव,बिना हेलमेट, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट, क्षमता से अधिक सावरी, स्टंटिंग आदि के प्रति आम जनमानस को जागरूक करते हुए प्रभावी प्रवर्तन की कार्रवाई की गई। प्रवर्तन कार्रवाई के अंतर्गत बिना हेलमेट के 41 चालान, 2 पहिया वाहन पर तीन सवारी 27 चालान, स्टंटिंग के 5 चालान, ड्रिंक एंड ड्राइव के 2 चालान, बिना सीट बेल्ट के 13 चालान, क्षमता से अधिक सावरी के 7 चालान, मॉल वाहक वाहनों पर सवारी बैठाने के 4 चालान करते हुए अन्य एम वी एक्ट के उपबंधों के 23 चालान करते हुए 118 वाहनों के चालान किए गए।

### दो बाइकों की टक्कर तीन गंभीर घायल

**ललितपुर**। महरौनी तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पठा के समीप स्थित सोलर पावर प्लांट के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महरौनी से पठा की ओर जा रही बाइक को चाली यादव (32 वर्ष), निवासी ग्राम बारव पतारा चला रहे थे। सामने से पठा से आ रही दूसरी बाइक पर संदीप अहिरवार (22 वर्ष) पुत्र बालचंद्र और नंदराम (30 वर्ष) पुत्र मुरली, दोनों निवासी दिगवार सवार थे।तेज रफ्तार और नियंत्रण खोने के कारण दोनों बाइकों में टक्कर हो गई, जिससे तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर 108 एंबुलेंस और 112 पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महरौनी लाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक की टक्कर से महिला घायल

**ललितपुर**। थाना पूराकलां के ग्राम धमना निवासी आशवेन्द्र पुत्र वीरभान यादव ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि सोमवार की शाम करीब 5 बजे वह अपनी मोटर साइकिल से बहन रागनी को लेकर तालबेहट से अपने घर जा रहा था। तभी रास्ते में हसार पावर हाऊस के पास सामने से आ रहे व्यक्ति ने अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 पी 1908 से जोरदार टक्कर मार दी। बताया कि इस घटना में उसकी बहन को गंभीर चोटें आयीं और उसके हाथ से सोने की चूडी टूटकर आधी चूड़ी गिर गयी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए) व 324 (4) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

### एसडीएम सदर मनीष कुमार बनाए गए नगर पालिका परिषद प्रशासक

# कर्मचारियों व अधिकारियों को शासन की मंशानुरूप कार्य करने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

नगर पालिका परिषद, ललितपुर के प्रशासक के रूप में उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार द्वारा शासन के अनुमोदन उपरांत पदभार ग्रहण किया गया व इस दौरान उप जिलाधिकारी द्वारा नगर पालिका के समस्त पटलों का निरीक्षण करते हुए अधिनस्थ कर्मचारियो एवं अधिकारियों को शासन की मंशानुरूप कार्य किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान समस्त कर्मचारियों द्वारा उपजिलाधिकारी सदर मनीष कुमार का स्वागत किया गया व पुष्पगच्छ भेंट किया गया। हाल ही में कि नगर पालिका परिषद, ललितपुर कीअध्यक्ष अध्यक्ष सरला जैन का आकस्मिक निधन हो जाने के कारण अध्यक्ष न०पा०परि० लतिलपुर का पद रिक्त चल रहा था, अध्यक्ष, पद रिक्त होने के कारण निकाय के कर्मचारियों के वेतन व पेंशन आदि वित्तीय एवं प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे है, उक्त सम्बन्ध में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था के अंतर्गत अध्यक्ष के रिक्त पद पर प्रशासक नियुक्त किये जाने का अनुरोध किया गया था जिसके क्रम में जिलाधिकारी द्वारा प्रमुख सचिव नगर विकास अनुभाग-1 उ०प्र० शासन, लखनऊ को पत्र प्रेषित किया गया था. जिसमें निकाय के कार्यों को सुचारू बनाये रखने एवं अध्यक्ष की समस्त शक्तियां, कृत्यों एवं कर्तव्यों काप्रयोग एवं कार्यान्वयन किये जाने हेतु मनीष कुमार, उप जिलाधिकारी ललितपुर को नगर पालिका परिषद, ललितपुर का प्रशासक नियुक्त किये जाने जाने की संस्तुति हेतु अनुमोदन प्रदान किये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया था।

#### व्यवस्थित अवधारणा के रूप में कार्य करना है

शासन द्वारा अध्यक्ष की समस्त शक्तियां, कृत्यों एवं कर्तव्यों काप्रयोग एवं कार्यान्वयन किये जाने हेतु नगर पालिका परिषद, में मनीष कुमार, उप जिलाधिकारी को नगर पालिका परिषद, का प्रशासक नियुक्त किया गया है, जिसके क्रम मनीष कुमार उप जिलाधिकारी द्वारा प्रशासन के रूप में पदभार ग्रहण किया गया। मनीष कुमार उपजिलाधिकारी द्वारा कहा गया कि जिलाधिकारी के आदेशानुसार प्रशासक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है,प्रशासन का कार्यभार संभालते ही अपनी प्राथमिकताएं जानकारी दी कि नगर को साफ स्वच्छ एवं व्यवस्थित अवधारणा के रूप में कार्य करना है, हमारे सभी कर्मचारी एवं नगर की जनता कदम से कदम मिलाकर काम करेगें, हमारे जितने भी कर्मचारी एवं नगर की जनता है वह समी इसको ध्यान देते हुए आगे बढ़ेगें। इस दौरान अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, कर अधीक्षक / प्रभारी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजेश कुमार जैन, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूपा तिवारी, अवर अभियंता खुशबू खांन, राजस्व निरीक्षक आशुतोष, राजस्व निरीक्षक सीमा कुशवाहा, वरिष्ठ लिपिक दीनदयाल सोनी, लेखा लिपिक अभिषेक चौबे, लिपिक हबीब खांन, निर्माण लिपिक दीपेन्द्र कुमार, कर लिपिक चन्द्रविनोद मिश्रा, नजूल लिपिक सुधीर रावत, मुख्य स्टोर लिपिक महेन्द्र सिंह यादव, जन्म मृत्यु लिपिक विनोद कुमार, डीपीएम दीपक कुमार, लिपिक अमित पाराशर, लिपिक अमित रैकवार सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

---

### डीएम व एसपी को सौंपा ज्ञापन

## ब्राह्मण समाज पर अमर्यादित टिप्पणी पर कार्रवाई की मांग



**ललितपुर**। शहर में वायरल एक वीडियो क्लिप ने पूरे शहर में हलचल मचा रखा है। इस सम्बन्ध में युवा ब्राह्मण महामण्डल ने बसपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य रहे रईस राजपूत पर ब्राह्मण समाज के विरूद्ध की गयी आमर्यादित और आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर सख्त कार्यवाही की मांग करते हुये कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। सजातीय विप्र बंधुओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुये जिलाधिकारी अमनदीप डुली एवम अपर पुलिसअधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें पूर्व जिला पंचायत सदस्य रईस राजपूत द्वारा सार्वजनिक रूप से ब्राह्मण समाज की मातृ-शक्ति के विरुद्ध अत्यंत अमर्यादित, अपमानजनक एवं भड़काऊ भाषा का प्रयोग करते हुए अशोभनीय गालियां दी गई हैं। कहा कि यह कृत्य न केवल ब्राह्मण समाज की गरिमा और भावनाओं को आहत करता है, बल्कि इससे सामाजिक समरसता, सौहार्द एवं जनपद की शांति व्यवस्था को भी गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।

उन्होंने उल्लेख किया कि रईस राजपूत पूर्व में भी कई अवसरों पर ब्राह्मण समाज के विरुद्ध इसी प्रकार की अभद्र टिप्पणियां कर चुके हैं, जिससे क्षेत्र में कई बार जातीय तनाव एवं हिंसा की संभावना बनी है। वर्तमान प्रकरण में भी उनके द्वारा प्रयुक्त आपत्तिजनक शब्दों के वायरल वीडियो से ब्राह्मण समाज में आक्रोश व्याप्त है, यदि समय रहते कठोर विधिक कार्यवाही नहीं की गई, तो जनपद की कानून व्यवस्था प्रभावित होने की पूर्ण संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। पांच सूत्रीय मांगों को लेकर उन्होंने प्रदर्शन किया। हालांकि अपने कार्यालय से परिसर में ज्ञापन लेने पहुंचे डीएम अमनदीप डुली ने प्रदर्शन कर रहे युवाओं को जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव ववेले सुनील शर्मा पत्रकार पार्षद मनमोहन चौबे नेहा तिवारी शक्ति पाठक प्रतीश तिवारी एड., प्रदीप मिश्रा, रामदास श्रोतीय, अभय मिश्रा धवारी, शुभम पस्तोर, डा.दीपक पस्तोर, दीपेश उपाध्याय, नीलेश तिवारी, राहुल चौबे, अंशुल टोंटे, कृष्ण शर्मा, विकास झां, अजय दुबे, दिनेश पाण्डेय, राजकिशोर रावत, पुनीत तिवारी, शिवम तिवारी, कल्लू तिवारी, विपिन पाठक आदि मौजूद रहे।

---

### स्वशासी राज्य मेडिकल कॉलेज में सीएमई कार्यशाला का आयोजन

## आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस विषय पर चिकित्सा शिक्षक व मेडिकल छात्र छात्राओं को दी गई कई जानकारी



**ललितपुर** । ऑटोनॉमस राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर में डीन डॉ मयंक कुमार शुक्ला के निर्देशन में पैथोलॉजी विभाग द्वारा चिकित्सा शिक्षक एवं मेडिकल छात्र छात्राओं के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को मेडिकल में पढ़ाई लिखाई और मरीज़ हित में किस तरह से इस्तेमाल किया जा सकता है, इस विषय पर एक दिवसीय सी एम ई कार्यशाला का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया। इस कार्यशाला को आयोजित करने में, उप प्रधानाचार्या डॉ श्रुति सिंह पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष का विशेष योगदान रहा। पैथोलॉजी विभाग के डॉक्टर्स के डॉ रविकांत वर्मा,, डॉ पूजा गुप्ता, डॉ दीक्षा अग्रवाल डॉ, डॉ दिव्या स्वामी, डॉ प्रद्युम्न वर्मा का विशेष योगदान रहा। इस कार्यशाला में दतिया मेडिकल कालेज से आए डॉ सुरेंद्र कुमार बौद्ध - फार्मोकोलॉजी प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, दिल्ली के सेंचुरियन यूनिवर्सिटी से आए फैकल्टी डॉ संजय राजपाल, और ललितपुर मेडिकल कॉलेज के डॉ घनश्याम अहिरवार ने अपने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए कार्यक्रम का शुभारंभ डीन डॉ मयंक कुमार शुक्ला ने अध्यक्षता कर किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अभिजात कुलश्रेष्ठ डॉ संध्या शाक्य, डॉ रजनी रतमेले और डॉ आमिर ने किया कार्यक्रम में समस्त छात्र छात्राओं और चिकित्सा अधिकारियों में डॉ गजेन्द्र सिंह सी एम एस, डॉ रवि पचौरी, डॉ शूरवीर, डॉ आकृति यादव, डॉ इटालिया, डॉ अंकित शर्मा, डॉ मनोज सोनी, डॉ आशीष निरंजन,डॉ अभिषेक गुप्ता , डॉ पवन सूद, डॉ शौरभ साहू, डॉ डीबी सिंह, डॉ देशनिधि, डॉ मधुरेंद्र सिंह राजपूत सहित अन्य चिकित्सा शिक्षक और लॉजिस्टिक स्टाफ नन्दलाल सहित अन्य कर्मचारी भी सम्मिलित हुए।

---

### चंदेल समाज की सभा का आयोजन किया गया

## अध्यक्ष का चुनाव मतदान से करवाया जाए व शिक्षा, संस्कार,एकता और भाई-चारे पर जोर



**ललितपुर**। जिले के ग्राम अगौड़ी में चंदेल समाज की विशाल सभा का आयोजन किया गया। सभा में ललितपुर और आसपास क्षेत्र से आये हुए चंदेल समाज के वरिष्ठ नागरिकों ने अपने अपने विचार रखे। इसी बीच वीरांगना महारानी दुर्गावती विकास समिति तहसील पान पाली के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे और मां कर्मावती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी।

अध्यक्षता कर रहें खुमान सिंह चंदेल ने समाज की एकता, समरसता और शिक्षा पर विशेष वल दिया। वहीं शंकर लाल चंदेल ने अपने विचार रखतें हुए बताया कि समाज में शिक्षा का होना बहुत जरूरी है। बेटी को बचाना है, बेटी को पढाना है,भ्रूण हत्या पर रोक, लडका-लड़की में फर्क न समझा जायें। समाज में फूट न लायी जायें व भाई चारा बना रहें समाज का हर नागरिक संगठित रहे। वहीं नरेंद्र प्रताप शिक्षक ने और भी सबसे महत्वपूर्ण बात कही। उन्होंने कहा कि हमारी चंदेल समाज में चुनिंदा जिलाध्यक्ष नहीं है, इसलिए समाज में वोटिंग के द्वारा चुनाव करा कर मुख्य मुखिया चुना जायगा, जो हमारी समाज को ऊंचाइयों की बुलंदियों तक ले जा सके। वहीं रानू चौसा ने भी शिक्षा और बच्चियों को पढ़ाने पर विशेष ध्यान आकृष्ट कराया है। वहीं पवन चंदेल ने भी समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की बात कहीं हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष सर्वोहम ने भी शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कहीं हैं। हाथ की रोटी बेच देना, घर के बर्तन बेच देना लेकिन बच्चों को पढ़ाना अवश्य, पाखंडवाद पर भी कहारा प्रहार किया है और जागरूक होने का संदेश दिया है।

---

### किसानों की आय दोगुनी करने योजना

## उद्यान विभाग में पहले आओ पहले पाओगे के अंतर्गत मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

उत्तर प्रदेश सरकार ने किसानो की आय दोगुनी करने के उद्देश्य से जनपद के समस्त कृषक भाइयों के लिए कि उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत जनपद को लक्ष्य प्रदान किया है योजनान्तर्गत कृषकों को ₹पहले आओ पहले पाओ₹ के अनुसार पात्रता के आधार स्वीकृति प्रदान की जायेगी। योजनान्तर्गत प्राप्त लक्ष्यों का विवरणराज्य औद्यानिक मिशन योजना- इस योजनान्तर्गत नवीन उद्यान रोपण हेतु स्ट्रॉबेरी रोपण-03 हे०, ड्रैगन फ्रूट- 01 हे०, पपीता- 03 हे०, करौंदा- 05 हे०, बेर कलमी 20 हे०, आंवला 30 हे०, खट्टे फल (नींबू, मौसम्मी, किन्नो आदि)-08 हे०, अनार-02 हे०, अमरूद-02 हे० के लक्ष्य प्राप्त हुये है एवं हाइब्रिड सब्जी उत्पादन कार्यक्रम अन्तर्गत 100 हे० का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त प्याज की खेती हेतु 50 हे०, जैविक खेती-03 हे०, घेराबंदी 5000 मीटर, पुराने बागों का अनुरक्षण-3 हे०, मसाला खेती-01, हल्दी-12 हे०, अदरक 15 हे०, मल्चिंग 25 हे०, ट्रैक्टर-02, पॉवर नेपसेक स्प्रेयर-01. ईको फ्रेण्डली लाइट ट्रैप-6 लक्ष्य प्राप्त हुये है। अनुसूचित जाति/जन जाति के कृषकों हेतु औद्यानिक विकास योजना (राज्य सेक्टर)- संकर सब्जी कार्यक्रम के अन्तर्गत-06 हे०, संकर टमाटर 05 हे० एवं संकर शिमला मिर्च-01 हे० एवं मसाला खेती 10 हे० एवं गेंदा की खेती हेतु-03 हे० एवं एकीकृत जीवनाशी प्रबन्धन हेतु-04 हे० का लक्ष्य प्राप्त है ड्रॉप मोर क्रॉप (माइक्रो इरीगेशन) इसके अन्तर्गत कृषकों को ड्रिप/मिनी/माइक्रो स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति एवं पोर्टेबिल स्प्रिंकलर / लार्ज वाल्यूम रेनगन सिंचाई पद्धति हेतु 7064 हे० का लक्ष्य प्राप्त है। इस योजना का लाभ लेने हेतु कृषक वढटकढ.कठ पर जाकर पंजीकरण करा सकते है। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना इसके अन्तर्गत खाद्य प्रसंस्करण की नवीन इकाई निर्माण अथवा किसी अन्य पूर्व से संचालित खाद्य प्रसंस्करण इकाई के उच्चीकरण हेतु 931 इकाईयों के लक्ष्य प्राप्त है इस योजनान्तर्गत इकाई लागत का 35 प्रतिशत या अधिकतम 10 लाख रू० अनुदान अनुमन्य है। इस योजना की अधिक जानकारी हेतु कृषक/उद्यमी वेबसाइट पर विजिट कर सकते है।बुन्देलखण्ड एवं विन्ध्यक्षेत्र में औद्यानिक विकास योजना इसके अन्तर्गत नींबू, अमरूद, आंवला, आम, आदि के कलमी बाग रोपण करने पर कृषकों को धनराशि रू0-3000/- प्रतिमाह की दर से 03 वर्ष तक देय है। इस योजनान्तर्गत 50 हे० का लक्ष्य प्राप्त है जनपद में दो हाईटेक नर्सरियों संचालित है जिनसे जनपद के कृषकों को शाकभाजी एवं पुष्प की खेती हेतु अगेती /रोगरहित पौध तैयार कर उपलब्ध करायी जायेगी, इच्छुक कृषक हा० नर्सरी राजकीय पौधशाला खिरियालटकनजू महरौनी एवं हा० नर्सरी कृषि विज्ञान केन्द्र खिरियामिश्र के प्रभारी से सम्पर्क कर स्वयं का बीज देकर अथवा विभागीय बीज से न्यूनतम दर पर पौध तैयार करा सकते है/क्रय कर सकते है जिसकी बुकिंग करा सकते है। उपरोक्त योजनाओं का लाभ लेने हेतु इच्छुक कृषक भाई आवश्यक अभिलेख आधार कार्ड, खतौनी, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साइज फोटो, एवं स्वयं का मोबाइल नं० सहित विभागीय पोर्टल अथवा कार्यालय में पंजीकरण करा सकते है अथवा अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र/सी.एस.सी. सेन्टर / लोकवाणी केन्द्र पर जाकर पंजीकरण कराकर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है पंजीकरण उपरांत 07 दिवस के अन्दर अभिलेख कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी रा०च० पार्क कम्पनी बाग में जमा करना अनिवार्य है।

---

### बेरोजगार नौजवानों को मेला में दिलाई जा रही नियुक्तियां

## जिला सेवायोजन कार्यालय में एक दिवसीय रोजगार मेला कल लगेगा

**ललितपुर** । जनपद के युवकऔर युक्तिया अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर, गोविन्द नगर में एक दिवसीय रोजगार मेले 7 अगस्त को आयोजन किया जा रहा है । रोजगार मेले में ईडीयू वेन्टेज प्रालि द्वारा ट्रेनी पद हेतु 100 रिक्तियां भारतीय जीवन बीमा निगम ललितपुर में सिटी कॅरियर एजेंट एवं महिला कॅरियर एजेंट पद हेतु 100 रिक्तियों पर भर्ती की जा रही है। साथ ही अन्य कम्पनियाँ भी प्रतिभाग कर सकती हैं। जिसमे शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, एवं परास्नातक, आईटीआई, पॉलीटेक्निक डिप्लोमा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की आवश्यकता है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने व साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को अपना पंजीयन रोजगार संगम पोर्टल पर जॉबसीकर के रूप में कराना होगा । पंजीयन के उपरान्त रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु इच्छित कम्पनी में अपना आवेदन भी करना होगा। साथ ही कार्यालय में एक दिवसीय कॅरियर काउन्सिलिंग कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है। जिसमें जनपद के सभी युवक/युवतियाँ रोजगार के अवसर जानने हेतु प्रतिभाग कर सकते हैं जिला सेवायोजन कार्यालय, के माध्यम से आयोजित होने वाले रोजगार मेलों में कम्पनियों द्वारा चयन प्रक्रिया पूर्णतः निशुल्क होती है।

---

### मासिक बैठक जाखलौन में हुई

## कांग्रेस का बूथ कमेटियों के गठन पर जोर, मासूम से दरिंदगी की निंदा की

**ललितपुर**। कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक कार्यालय पर आयोजित की गयी। अध्यक्षता करते हुये जिलाध्यक्ष दयाराम श्रीवास की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें जाखलौन में तीन वर्षीय बालिका से वीभत्स घटना की निंदा कर आरोपी को शीघ्र पकडऩे की मांग की गई। जिलाध्यक्ष कहा कि सभी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में बूथ कमेटियों का गठन अति शीघ्र करें। बूथ कमेटियों में 11 सदस्यों का गठन करें तथा बीएलए बनाये बैठक सभी ब्लाक अध्यक्ष, सभी मंडल अध्यक्ष को शीघ्र ही सभी बूथ अध्यक्ष की नियुक्ति करने को कहा गया। अन्य वक्ताओं ने कहा कि मंडल अध्यक्ष अपने-अपने वार्डों में जाकर बूथों का गठन करें और पुराने कांग्रेसियों को अपने साथ जोड़कर उनका सहयोग भी ले।




बैठक मे आगामी स्वतंत्रता दिवस तैयारियो की समीक्षा की गई। बैठक में जिला उपाध्यक्ष पंकज हुण्डैत, जिला महासचिव शशिकांत दीक्षित, नाती राजा, इमरान खान, असलम, रामसिंह यादव, मुकेश रजक, नीरज पाराशर, कुलदीप पाठक, मोनू सतवांसा, सीताराम राय, संदीप धौलपुरिया, रामदास, सन्दीप बबेले, महेन्द्र राजा, मोनू खान आदि मौजूद थे।

---

### सपा ने जन्म जयंती पर याद किया छोटे लोहिया पं. जनेश्वर मिश्र को

## श्रद्धासुमन अर्पित कर आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**ललितपुर**। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी के विचारक, पूर्व राज्यसभा सांसद और छोटे लोहिया के नाम से मशहूर पंडित जनेश्वर मिश्र की जन्म जयंती मनाई गई। यह कार्यक्रम जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने की। जहां उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी राजनीति की बात हो और जनेश्वर मिश्र का नाम न लिया जाए, यह संभव नहीं है। सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव भी समाजवाद पर चर्चा करते समय हमेशा जनेश्वर मिश्र का नाम लेते थे। उन्होंने आगे बताया कि जनेश्वर मिश्र को छोटे लोहिया



इसलिए कहा जाता है क्योंकि उन्होंने राम मनोहर लोहिया के साथ काम करते हुए उनके विचारों को अपने जीवन में उतारा। लोग उन्हें लोहिया की छवि के रूप में देखते थे। आज हम ऐसे महापुरुष की जयंती मना रहे हैं। जिन्होंने देश की दशा दिशा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अन्याय, शोषण, अत्याचार, भेदभाव, पूंजीवाद के खिलाफ आजीवन संघर्ष करते रहे। गरीबों, शोषितों के प्रति उनके मन में गहरी पीड़ा थी। वह हमेशा लोगों से कहा करते थे कि गरीबों के आंसुओं को पोछना ही सच्चा समाजवाद है। जनेश्वर मिश्र ने आजीवन सरलता और सादगी नहीं छोड़ी। डा. लोहिया ने कहा था कि जनेश्वर मिश्र जैसा एक भी नेता अगर मुल्क में रहेगा तो तानाशाही ताकत देश में कभी अपना सर नहीं उठा सकती। अस्पृश्यता के खिलाफ उन्होंने जीवनपर्यन्त लड़ाई लड़ी और इसके खिलाफ आंदोलन भी किया। वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी ने कहा कि छुआछूत को जनेश्वर मिश्र देश के लिए कलंक मानते थे। उनके मन में बचपन से ही सामाजिक व्यवस्था में व्याप्त विसंगतियों के प्रति विद्रोह की भावना थी आंदोलन और संघर्ष उनके जीवन के मूल मंत्र थे। जिला महासचिव डॉ शिशुपाल सिंह लोधी, पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी, जिला उपाध्यक्ष भजनलाल कुशवाहा, प्रदेश सचिव समाजवादी छात्र सभा राजेन्द्र सिंह यादव, जिलाध्यक्ष बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी जिलाध्यक्ष तुलसीराम अहिरवार आदि मौजूद थे।

न ही विद्यार्थियों को मिल रहा पीने का पानी और न ही होस्टल में लाइट की सुविधा

# कैसे हो युवाओं का कौशल विकास! 1 साल से पॉलिटेक्निक कॉलेज पचोर की बिजली बंद

*महाविद्यालय का अधिकतर स्टाफ नदारद, उपस्थितों ने अनुपस्थित स्टाफ की कमियों को छुपाने का किया प्रयास*







हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय पचोर अपनी बदहाली पर रो रहा है, स्टॉफ से लेकर विद्यार्थी अपने कौशल को निखारने की जगह समस्याओं से दो चार हो रहे है और यह सब तब हो रहा है जब कौशल विकास राज्यमंत्री गौतम टेटवाल इसी विधानसभा से आते है। शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय पचोर का हाल यह है कि यहां पर पिछले लगभग एक साल से लाइट नहीं है जब उपस्थित स्टॉफ से इसका कारण जाना तो उन्होने बताया कि ट्रांसफार्मर चल गया है। इससे न ही तो पीने का स्वच्छ पानी ही छात्रों को मिल पा रहा है न ही होस्टल में रूकना संभव हो पा रहा है।

### अधिकतर स्टॉफ बिना किसी सूचना के दिखा अनुपस्थित

शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय पचोर के हाल बेहाल हो चुके है जब हरिभूमि ने अंदर जाकर कार्यालय में समस्त स्टॉफ की जानकारी चाही गई तो प्राचार्य के कहने पर उन्होने जानकारी उपलब्ध करवाई । जबकि प्राचार्य के बारे में भी स्टॉफ को भ्रांतियां थी कोई जबलपुर का बोल रहा था तो कोई उज्जैन का बता रहा था। परंतु उनकी लीव एपलीकेशन नहीं थी। ठीक प्राचार्य की ही तरह अन्य स्टॉफ भी नदारद था कहने को यहां पर 46 लोग स्टॉफ में है परंतु देखने में इक्का दुक्का ही दिखाई दिए। जब पूछा गया तो कोई पचोर गया है तो कोई छुट्टी पर है इसी तरह के बहाने बताए गए। इससे भी ज्यादा बडी बात तो यह है कि कार्यालय में उपस्थित बाबू ने सामने ही अनुपस्थित स्टॉफ की उपस्थिती लगाना शुरू कर दी जिसका वीडियों भी हरिभूमि के पास सुरक्षित है। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि युवाओं का कौशल विकास कैसे हो रहा है।

### नहीं है पीने के पानी की व्यवस्था

उपस्थित स्टाफ का कहना है किइस बात एडमीशन अच्छे हुए है जो कि 300 के आसपास बताए जा रहे है ऐसे में महाविद्यालय में पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है क्योंकि एक साल से तो बिजली ही नहीं है। हालांकि वहां पर उपस्थित छात्रों की संख्या भी कम ही नजर आई।

**इनका कहना है**

हमने अपनी तरफ से सारी फार्मलिटी पूरी कर दी हैं अब सरकारी काम है और सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के संज्ञान में है।

**अतुल चौहान प्राचार्य**, शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय पचोर

कहीं गहरी, कहीं उथली है नेवज नदी

## एक हफ्ते पूर्व उफान, अब नजर आने लगे पटपड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

इसे प्रकृति का खेल कहें या कुछ और कि करीब एक हफ्ते पहले राजगढ़ से प्रवाहित जिस नेवज नदी का पानी छोटी पुलिया के 4-5 फीट ऊपर तक बह रहा था, उसी नेवज नदी का तला या सरल शब्दों में कहें तो पटपड़े तक सोमवार को नजर आने लगे। बीती 28 जुलाई को तो हालात यह थे कि नेवज नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर को देखते हुए निचली बस्तियों के रहवासियों को एलर्ट रहने की मुनादी तक करवा दी गई थी। इसके साथ ही स्वयं कलेक्टर व अधीनस्थ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया था। इसके साथ ही आमजन की सुरक्षा हेतु पुलिया के दोनों ओर बेरीकेटिंग करते हुए पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी।

### कहीं गहरी तो कहीं काफी उथली है नेवज

आपको बतादें कि नेवज नदी किसी-किसी स्थान पर तो काफी गहरी लेकिन कहीं-कहीं काफी उथली है। छोटी पुलिया के नजदीक के साथ ही कुछ अन्य घाटों पर बहुत कम पानी रहता है। गर्मी के मौसम में कईं बार ऐसी स्थितियां भी बनी हैं कि लोग पैदल ही इस नदी के बीच में निकल जाया करते हैं। वहीं, बाबा घाट, तीन धार, शिवघाट जैसे स्थानों पर यही नदी 15 से 20 फीट तक गहरी है।

लोक सुरक्षा के हित में लिया गया निर्णय

## कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने 28 शस्त्र लाइसेंस किए निरस्त

**राजगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. गिरीश मिश्रा ने विभिन्न कारणों एवं लोक सुरक्षा हित के दृष्टिगत 28 शस्त्र लायसेंसधारियों के लायसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की है। आयुष अधिनियम 1959 की धारा 17(3)(ख) के तहत उक्त निर्णय लेते हुए आदेश जारी किया गया है। 28 शस्त्रर लायसेंस धारियों के लायसेंस किएनिरस्तग जिन लोगों के लायसेंस निरस्त किए गए हैं उनमें ग्राम कटारियाखेडी निवासी अमर सिंह पिता भंवर लाल, ग्राम अतरालिया निवासी रमेश चन्द्र पिता शिवबगस, ग्राम चापाखेडा निवासी भूपेन्द्र पिता गजराज, ग्राम रामपुरिया निवासी प्रेमसिंह पिता नागाजी, ग्राम धुंआखेडी निवासी शिवनारायण पिता भंवरलाल, ग्राम सूस्याहेडी निवासी कमलसिंह पिता मांगीलाल, ग्राम कूकलियाखेडी निवासी महेन्द्र पिता रामचरण, ग्राम भैरवाखेडी निवासी रंगलाल पिता भंवरलाल, ग्राम मीरूखेडी निवासी थानसिंह पिता शिवप्रसाद, ग्राम बैलास निवासी भगवान सिंह पिता भरतसिंह, ग्राम मोग्या मोहल्ला निवासी खुशीलाल पिता गोपीलाल, ग्राम निवान्या निवासी रामबाबू पिता भागीरथ, ब्यावरा निवासी ओमप्राकश पिता कालूराम, ब्यावरा निवासी कैलाश नारायण पिता गोपाल दास, ग्राम कडिया मित्रसेन निवासी भरत पिता रतनलाल, नरसिंहगढ़ निवासी निसार अहमद पिता शेख अहमद, नरसिंहगढ़ निवासी मुन्ना पिता नन्नो खां, ग्राम खरेटियाखुर्द निवासी विक्रम सिंह पिता अमरसिंह, ग्राम बिजोरी निवासी घनश्याम पिता हरिप्रसाद मीणा, ग्राम लसुडल्या भामा निवासी प्रेमकिशोर पिता गंगाराम मीणा, ग्राम भूराखेडी निवासी वहीद खां पिता राशिद खां, सारंगपुर निवासी बबू खां पिता अब्दुल सत्तार, ग्राम भूराखेडी निवासी राशिद खां पिता अहमद खां, सारंगपुर निवासी रफीक खां पिता अनवर खां, ग्राम खेजडिया निवासी दुर्गेश कुमार पिता बालचंद पाटीदार, ग्राम झाडमउ निवासी इनामी पिता कौदाजी खां, ग्राम खारपा निवासी रामविलास पिता मांगीलाल किरार तथा ग्राम भण्डावद निवासी गोकुल पिता रोडजी कारपेंटर शामिल हैं।

रविवार रात्रि में सड़क हादसा

## अज्ञात वाहन ने मारी महिला को टक्कर, अस्पताल में मौत



**खिलचीपुर।** खिलचीपुर में रविवार देर रात्रि हाईवे 52 पर सोमवारिया के पास तेज रफ्तार कार ने एक अज्ञात महिला को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह राहगीरों ने सड़क किनारे पड़े शव को देखकर पुलिस को सूचना दी।सोमवार सुबह पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू की। जांच के दौरान एक कार को ढाबे से जब्त कर चालक अतिशय वर्मा और उसके साथी को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में पता चला कि दोनों भोपाल से खाटू श्याम दर्शन कर लौट रहे थे। रात करीब 3 बजे सामने से आ रहे ट्रक की तेज लाइट की वजह से उन्हें रास्ता साफ दिखाई नहीं दिया और महिला उनकी कार की चपेट में आ गई।

**मृतका की पहचान नहीं हो पाई है:** हादसे के बाद कार का निचला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके चलते आरोपी कार को पास के ढाबे पर खड़ा कर कार में बैठे थे। फिलहाल मृतका की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में महिला की शिनाख्त और घटना के अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

## लाड़ली बहनों को राखी का तोहफा देने 7 को नरसिंहगढ़ आएंगे सीएम

मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों को लेकर प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

आगामी 7 अगस्त को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संभावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह से सतर्क और तैयार है। नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा तथा पुलिस अधीक्षक अमित तौलानी ने हेलीपेड स्थल सहित प्रस्तावित रथ यात्रा मार्ग पर पैदल चलकर पूरे रास्ते का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मार्ग की संपूर्ण जांच की गई एवं उपस्थित सभी प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। प्रवेश एवं निकासी बिंदुओं, भीड़ प्रबंधन तथा सुरक्षा व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी व्यवस्थाएं समय-सीमा में पूर्ण हों और किसी भी प्रकार की चूक न हो। प्रशासन का उद्देश्य है कि मुख्यमंत्री के आगमन पर आयोजन पूर्णतः सुव्यवस्थित और सफल रहे।



### 250 रुपए सगुन के साथ मिलेंगे डेढ़ हजार रुपए

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी लाड़ली बहना योजना के तहत 7 अगस्त को नरसिंहगढ़ से सिंगल क्लिक के माध्यम से राखी के सगुन के तौर पर 250 रुपए एवं योजना के 1250 रुपए मिलाकर कुल डेढ़ हजार रुपए की राशि प्रत्येक पात्र महिला के खाते में हस्तांतरित की जाएगी।

## श्रद्धा से निकली बाबा बैजनाथ की शाही सवारी, जयकारों से गूंज उठा पूरा शहर

शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़, झूमते दिखे श्रद्धालु



**नरसिंहगढ़।** सावन मास के अंतिम सोमवार को नगर धार्मिक उल्लास और भक्ति भाव में डूबा नजर आया। परंपरानुसार बाबा बैजनाथ बड़ा महादेव की शाही सवारी नगर भ्रमण के लिए बड़े ही धूमधाम व भक्तिभाव के साथ निकाली गई। दोपहर 11 बजे विशेष पूजा-अर्चना एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के उपरांत पालकी यात्रा का शुभारंभ हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः बड़ा महादेव मंदिर पहुंची, जहां बाबा की महाआरती का भव्य आयोजन किया गया। शाही सवारी के दौरान नगर 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारों से गूंज उठा। बैंड, ढोल-नगाड़ों और डीजे की भक्ति धुनों पर युवाओं ने उत्साहपूर्वक नृत्य किया। नगरवासियों ने जगह-जगह बाबा की आरती उतारी और फूलों की वर्षा कर शाही सवारी का स्वागत किया। श्रद्धालु पूरे मार्ग पर पुष्प बिछाते चलते रहे, जिससे माहौल अत्यंत भक्तिमय और हर्षोल्लासपूर्ण हो गया। इस भव्य धार्मिक आयोजन में विधायक मोहन शर्मा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि लोकेंद्र वर्मा, दीपेंद्र दास, सहित नगर व आसपास से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।


### शिवालयों में गूंजे जयकारे

अंतिम सोमवार को बड़ा महादेव, छोटा महादेव, पशुपतिनाथ जल मंदिर, गुप्तेश्वर, खजूर पानी, नादिया पानी, एवं कोदू पानी स्थित शिव मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती रही। विभिन्न स्थानों पर विशेष पूजन, रुद्राभिषेक, एवं भजन संध्या जैसे धार्मिक आयोजन हुए।

### बाबा का हुआ भव्य श्रृंगार

इस मौके पर मंदिर पुजारियों न भगवान शिव का आकर्षक श्रृंगार कर शिवलिंग का मनोहारी दर्शन कराया गया। साथ ही ग्रामीण अंचलों से आई दर्जनों कांवड़ यात्राओं ने नगर के वातावरण को पूर्णतः धर्ममय बना दिया। पालकी यात्रा का नागरिकों , स्वयंसेवी संस्थाओं और समाजबंधुओ ने शीतलपेय पिलाकर स्वागत किया।

## सुंदरकांड पाठ एवं भव्यता लिए प्रसाद वितरण समारोह



**जीरापुर।** हनुमान मंदिर किशनगढ़ बालाजी दरबार में सावन मास रामायण-पारायण अंतर्गत भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। इस भव्य सुंदरकांड पाठ को लेकर मंदिर समिति सदस्यों द्वारा मंदिर सजावट एवं विद्युत डेकोरेशन किया गया।जहां पर किशनगढ़ बालाजी दरबार का विशेष आकर्षित मनोहरी श्रृंगार किया। बालाजी के दर्शन कर श्रद्धालु भक्तों महिला पुरुष युवाओं ने आशीर्वाद प्राप्त किया। पंडित श्यामसुंदर शर्मा के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में संचालित समिति के द्वारा नगर व राजस्थान के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मेहंदीपुर बालाजी , सालासर बालाजी सहित शाजापुर इंदौर गुना तथा राजगढ़ में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया है।

कीर्तन भजन एवं भोले के गण की वेशभूषा के साथ ऑपरेशन सिंदूर की झांकी

## शिवमय हुआ सारंगपुर शिव भक्तों में आपार उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर





सावन के आखिरी सोमवार को नगर के कपिलेश्वर महादेव, नीलकंठेश्वर, गुप्तेश्वर, तिल भंडेश्वर, चिंतामणेश्वर, भूतेश्वर सहित नगर के सभी शिवालयों में प्रातः 5 बजे से ही भोले के भक्तों की कतार लगी। भक्तों द्वारा भगवान देवादिदेव महादेव का विशेष आकर्षक श्रृंगार कर महा आरती की गई,बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे मंदिर पहुंचे वहीं दूसरी और प्रतिवर्ष बाबा बटुकेश्वर महादेव की शाही सवारी नगर भ्रमण के लिए महादेव मित्र मंडल की और से निकाली गई,बटुकेश्वर की शाही सवारी के लिए नगर के बटुकेश्वर मंदिर पर राज्य मंत्री गौतम टेटवाल,पूर्व विधायक कुंवर कोठार,महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद,मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद आदि भक्तों ने भगवान बटुकेश्वर का विशेष पूजन किया एवं महाआरती करते हुए बाबा बटुकेश्वर की पालिक उठाई । पालकी नगर की जीवनदायिनी कालीसिंध नदी मथुरा घाट पर पहुंची वह राज्य मंत्री गौतम टेटवाल नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल आदि ने बाबा का पूजन किया इस दौरान जिला कलेक्टर गिरीश मिश्रा पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में मथुरा घाट पर पुलिस प्रशासन की और से गार्ड ऑफ ऑनर के साथ सलामी दी गई। पालकी यात्रा आगे बढ़ी जगह जगह विभिन्न संस्थाओं की और से बाबा की पालकी पर पुष्प वर्षा की गई तथा पालकी में चल रहे भक्तों का स्वल्पाहार एवं जल पान कराया,यात्रा में बड़ी संख्या में भक्तों का हुजूम दिखाई दिया, वही बस स्टेंड पर कलेक्टर गिरीश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने बटुकेश्वर महादेव की पूजा अर्चना कर स्वागत किया,करीब 10 हजार शिव भक्तों ने बाबा की पालकी के दर्शन किए,

### यह रहा आकर्षक का केंद्र

महादेव मित्र मंडल के तत्वाधान में प्रतिवर्ष श्रावण के आखिरी सोमवार को भूत भावन भगवान भोलेनाथ बटुकेश्वर नगर में प्रजा का हाल जानने एवं दर्शन देने के लिए निकलते हैं,जिसमें शिव भक्त बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं किंतु ,इस बार अलग ही नजारा देखने को मिला नगर में करीब 70 से 80 स्थानों पर स्वागत मंच सजे हुए थे वहीं पुलिस कप्तान अमित तोलानी के नेतृत्व में एसडीओपी अरविंद्र सिंह एवं सारंगपुर थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा सहित आसपास के थानों का पुलिस बल पूरी सुरक्षा में तैनात रहा,बाबा की पालिक बटुकेश्वर महादेव से चलकर कालीसिंध तट से नवीन बस स्टेंड,परशुराम चैराहा,रंगेरवाडी, जमा मस्जिद सदर बाजार होते हुए पुनः बटुकेश्वर मंदिर पहुंची जहां महा आरती कर शोभा यात्रा का समापन हुआ।

## नगर में नीलकंठेश्वर महादेव की निकली भव्य शाही सवारी

**लव जिहाद व सिंदूर ऑपरेशन की चलित झांकी आकर्षण का केन्द्र बनी**



**खुजनेर।** नगर में राजगढ़ बायपास रोड स्थित श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर पर सावन के चतुर्थ सोमवार को महादेव का आकर्षक श्रृंगार एवं महाआरती का आयोजन हुआ वही हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नीलकंठेश्वर महादेव की बजरंग आखाड़ा के द्वारा भव्य शाही सवारी निकाली गई। उज्जैन महाकाल की तर्ज पर नीलकंठेश्वर महादेव का आकर्षक श्रृंगार ओर शाही सवारी में चलित झाकी में लव जिहाद व सिंदूर आपरेशन पर झाकी आकर्षण का केन्द्र रही एवं पालकी में सवार होकर नीलकंठेश्वर महादेव नगर भ्रमण पर निकले नगर में नीलकंठेश्वर महादेव की पूजा अर्चना की गई वही बजरंग आखाडा के कलाकारो ने अखाड़ा का प्रदर्शन किया नगर में शाही सवारी का दिनेश यादव मित्र मंडल व भारती गो रक्षा दल द्वारा फलाहारी वितरण फूल वर्षा की नगर भर में जगह जगह शाही सवारी का स्वागत किया वही महादेव की पूजा अर्चना करने बड़ी संख्या में भक्तो का जनसैलाब शाही सवारी में उमड़ा शाही सवारी नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर शिमला बस स्टेंड राजगढ़ चैराहा होते हुऐ शिवाजी बाजार, पुराना थाना, पुराना माजिद चैक चरणदास जी मंदिर पर हरिहर मिलन महा आरती आयोजित की गई शाही सवारी हाट बाजार होते हुऐ निलकंठेश्वर मंदिर पहुंची जहां महादेव की महाआरती महाप्रसादि वितरण कर शाही सांवरी का समापन हुआ जिसमें नगर के जनप्रतिनिधि बजरंग आखाड़ा के सदस्य सहित समस्त नगरवासी एवं ग्रामीण श्रद्धालु शाही सावरी में शामिल हुए।

15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए बैजनाथ महादेव के दर्शन

## सावन के अंतिम सोमवार में खोयरी महादेव पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

भक्ति और आस्था के पवित्र श्रावण मास के अंतिम सोमवार मुख्यालय स्थित प्राचीन शिवालयों में पूरे दिन श्रृद्धालुओं का तांता लगा रहा। नगर के सबसे प्राचीन बैजनाथ खोयरी महादेव के पूजन-दर्शन के लिए सोमवार तड़के से भक्तों के आने का क्रम देर रात्रि तक जारी रहा।

सुबह से शाम तक करीब 15 हजार से अधिक श्रृद्धालुओं ने खोयरी महादेव के दर्शन किए। मंदिर में पूरे दिन अभिषेक, पूजन आदि का दौर चलता रहा। इसके साथ ही मंदिर के ठीक सामने स्थित पार्वती माता मंदिर में भी भक्तों की भीड़ लगी रही। श्रृद्धालुओं के अचानक उमड़ने से दोपहर में तो खोयरी रोड पर हालात इतने बेकाबू हो गए कि यातायात व्यवस्था को सम्हालने टीआई वीरसिंह ठाकुर को अपनी टीम के साथ मैदान में उतरना पड़ा।

**सवार क्विंटल फूलों से किया महादेव का श्रृंगार:** श्रावण के अंतिम सोमवार मंदिर प्रबंधन द्वारा



सवा क्विंटल फूलों से बैजनाथ महादेव का श्रृंगार किया गया। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष गोपाल विजयवर्गीय ने बताया कि पूरे सावन मास में लगभग 130 कावड़ यात्राओं के दलों ने उज्जैन की क्षिप्रा मैया, कालीसिंध मैया एवं नेवज मैया के जल से महादेव का अभिषेक पूजन किया। इसके साथ ही 51 हजार पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर नगर व क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना की गई।

### चार पहिया वाहनों पर प्रतिबंध न होने से बिगड़ी व्यवस्था

खोयरी महादेव मंदिर का पहुंच मार्ग सिंगल रूट है। ऐसे में टैफिक पुलिस को सुबह से ही इस मार्ग पर चार पहिया वाहनों की आवाजाही पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा देना चाहिए था लेकिन नहीं लगाया गया। ऐसे में दोपहर के समय इस मार्ग पर कारों एवं अनगिनत मोटर साइकिलों की आवाजाही के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई एवं काफी समय तक जाम के हालात निर्मित हो गए। श्रृद्धालुओं की अचानक उमड़ी भीड़ के कारण खोयरी रोड के साथ ही नेवज नदी की पुलिया के पहले भी दोपहर में एक घंटे तक जाम लगा रहा। हालांकि, बाद में कोतवाली पुलिस एवं टैफिक पुलिस ने यातायात व्यवस्था को काबू में कर लिया।